कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

(NAAC द्वारा "A" ग्रेड़ प्राप्त संस्थान)

Email address principalgckota@gmail.com

आजादी का अमृत महोत्सव

क्रमांकः– दिनांकः– 23-11-2023

कार्यक्रम रिपोर्ट महिला प्रकोष्ठ

रोजगार नवाचार एवं कौशल विकास पर व्याख्यान कार्यक्रम "

आज दिनांक 22.11.2023 को राजकीय महाविद्यालय कोटा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रोजगार हेतु नवाचार विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित की गई । व्याख्यान में आई स्टार्ट नेस्ट के कौस्तुभ भट्टाचार्य, सीनियर मेंटर ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी अभिरुचि के अनुसार रोजगार हेतु प्रशिक्षित किया । महिला प्रकोष्ठ संयोजक प्रो. सुमन शर्मा ने बताया कि रोजगार परक योजनाओं एवं विभिन्न सेक्टर में उपलब्ध रोजगारों हेतु अपने आप को प्रशिक्षित करने हेतु महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महाविद्यालय में समय-समय पर व्याख्यान एवं कार्यशाला रखी जाती है।

आज का यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशन में एक सफल व्याख्यान कार्यक्रम रहा । महिला प्रकोष्ठ की प्रो. रीना कुमारी ने इस कार्यशाला में विद्यार्थियों के क्रियाकलाप जैसे पोस्टर, कार्डस, मैगजींस आदि दिखाकर सभी विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी के आधार पर उनकी रोजगार अभिरुचि की जांच की ।

कार्यक्रम की अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने रोजगार विषयक इस कार्यक्रम में बताया कि नवाचार से रोजगार उपलब्ध होंगे व विभिन्न क्षेत्रों को जोड़कर रोजगार के नए नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं । नए आइडियाज से अपना स्टार्टअप चालू कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता आई स्टार्ट नेस्ट के कौस्तुभ भट्टाचार्य, सीनियर मेंटर ने विद्यार्थियों के माइंडसेट को करियर चुनने हेतु तैयार करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं फंड लर्निंग के माध्यम से कार्यशाला को रोचक बनाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आने वाले नए-नए स्टार्टअप में जॉब सर्च करने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। कोऑर्डिनेटर योगेश कुमार ने बताया कि नए आइडिया विकसित करने में महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने सकारात्मक सहयोग दिया।

कार्यक्रम में 52 छात्र-छात्राओं में भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. अंजू कपूर, प्रो. हेमलता गुप्ता एवं समिति सदस्य प्रो. वंदना शर्माए प्रो. सुषमा जांगिड़, प्रो.सुलेखा जोशी, प्रो. सुनीता भार्गव, प्रो. लोनी लोकवानी, प्रो.जितेंद्र कुमार, प्रो. रीना कुमारी उपस्थित रहे।

सुमन

संयोजक
(महिला प्रकोष्ठ)

प्राचार्य
राजकीय 'महाविद्यालय, कोटा